**खास-खबरें**

## सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने दिए 51 लाख रुपए



सागर। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के परशुराम मंदिर एवं भवन का भव्य भूमिपूजन समारोह बाघराज मंदिर के समीप सर्व ब्राह्मण समाज संगठन को शासन से प्रदत्त भूमि पर आयोजित हुआ। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन जिला-सागर ने परशुराम मंदिर एवं सर्व ब्राह्मण समाज भवन निर्माण हेतु 51 लाख रुपए अपनी ओर से देने की घोषणा की। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन जिला-सागर के अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा एवं संरक्षक मुकुल पुरोहित ने सर्व ब्राह्मण समाज संगठन को भूमि प्रदान एवं भवन निर्माण राशि 70 लाख स्वीकृत करने के लिए सागर विधायक शैलेन्द्र जैन का हार्दिक आभार जताया। संरक्षक मधुराज पुरोहित एवं संयोजक मधुसूदन गुरु जी ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में लगे हुए सभी स्वयंसेवकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला महामंत्री सारांश दुबे ने इस कार्यक्रम में पधारे सभी विप्रजनों एवं मातृशक्ति का सादर आभार प्रकट किया । सर्व ब्राह्मण समाज संगठन जिला-सागर के सभी पदाधिकारियों ने आमंत्रित धर्मगुरुओं एवं विशिष्ट अतिथियों का शॉल - श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया।

## जनसुनवाई में हुई 140 आवेदनों पर कार्यवाही



**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 140 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आरती यादव, श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 140 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

## आतंकवाद के खिलाफ बरौदिया कलां में प्रदर्शन कर पुतला फूंका , जनता में आक्रोश व्याप्त




**मालथौन।** नगरवासियों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। हाल ही में हुए आतंकी हमलों के विरोध में नगर में एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुषों और युवाओं ने भाग लिया। रैली में शामिल लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आतंकवादियों को पनाह देने के लिए पड़ोसी मुल्क की कड़ी निंदा की। इसके साथ ही, रैली में दिवंगत पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। रविवार की सुबह से ही नगर के मुख्य मार्गों पर लोगों का एकत्रीकरण शुरू हो गया था। हाथों में तिरंगा और आतंकवाद विरोधी नारे लिखी तख्तियां लिए लोग निर्धारित स्थान पर एकत्रित हुए। जैसे ही रैली शुरू हुई, पूरा वातावरण पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठा। आक्रोशित नागरिक सड़कों और नगर की गलियों से होते हुए गुजरे और पाकिस्तान की कायराना हरकतों के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त किया रैली का समापन धामोनी तिराहे पर हुआ, जहां प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस दौरान लोगों ने आतंकवाद को जड़ से खत्म करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। रैली में शामिल कई लोगों ने हालिया आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिकों ने भी रैली में भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए एक बड़ा खतरा है और सभी को मिलकर इसके खिलाफ लड़ना होगा। उन्होंने पाकिस्तान से आतंकवादियों को समर्थन देना बंद करने की अपील की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। बरौदिया कलां के नागरिकों द्वारा निकाली गई यह आक्रोश रैली आतंकवाद के खिलाफ देशव्यापी गुस्से का प्रतीक बन गई। लोगों ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे किसी भी कीमत पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे और हमेशा शांति और सद्भाव के साथ खड़े रहेंगे। इस रैली ने न केवल आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई बल्कि पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता भी प्रदर्शित की।

### कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई

## नरवाई जलाने वालों पर एफआईआर कर ढाई लाख के करीब लगाया गया जुर्माना

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले में नरवाई जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 72 एफआईआर करते हुए करीब ढाई लाख रुपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है। कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित किया था कि अपने-अपने क्षेत्र में यदि कहीं नरवाई जलाई जाती है तो इस पर कड़ी कार्रवाई की जावे और पुलिस कार्रवाई भी सुनिश्चित करते हुए जुर्माना की कार्रवाई की जावे। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने पर 2 एकड़ से कम जमीन पर 2500/- रु. प्रति घटना, 2 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम जमीन पर 5000/- रु. प्रति घटना एवं 5 एकड़ से अधिक जमीन पर 15000/- रु. प्रति घटना के हिसाब से जुर्माना लगाया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि सागर जिले में नरवाई जलाने के संबंध में अब तक 72 एफआईआर दर्ज की गई हैं जिसमें सर्वाधिक 13 एफ आई आर बीना एसडीएम श्री विजय डहेरिया के द्वारा की गई एवं जुर्माना भी एक लाख 6 हजार 500 का किया गया। इसी प्रकार सागर नगर में 6, सागर में 5, बंडा में 3, बांदरी में 6, खुरई में 5, मालथौन में 2, जैसीनगर में 1, देवरी में 7, शाहगढ़ में 3, केसली में 6, रहली में 4, गढ़ाकोटा में 9 एवं राहतगढ़ में 2 एफआईआर दर्ज की गई जिसमें अब तक कुल 2 लाख 42 हजार 700 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति तैयार करें

# जल जीवन मिशन अंतर्गत निम्न गुणवत्ता का कार्य करने वाली एजेंसियों को टर्मिनेट कर लगाएं जुर्माना

**सागर**




जिले में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सागर सासंद डॉ. लता वानखेड़े एवं दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की निगरानी और प्रगति के लिए जिला स्तरीय समिति तैयार कर नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निम्न गुणवत्ता से कार्य करने वाली एजेंसी/ठेकेदारों को टर्मिनेट कर जुर्माना भी लगाएं।

सागर विधायक श्री शैलेन्द्र जैन ने कहा कि, जल जीवन मिशन के सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण रूप से पूर्ण कराएं और मिशन की मंशा के अनुरूप सुलभ जल उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने और दोषी कॉन्ट्रैक्टर पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि, जिले के सभी आयुष्मान संबद्ध अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारकों के इलाज में पूरी पारदर्शिता रखें। इस संबंध में सीएमएचओ आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। ऐसे अस्पताल जो नियमानुसार कार्य नहीं कर रहे उनपर कार्रवाई भी करें। सभी आयुष्मान संबद्ध अस्पताल नोटिस बोर्ड पर आवश्यक जानकारी चस्पा करें एवं मरीज़/परिजन को इलाज संबंधी रसीद आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएं।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने बताया कि जिले में तालाबों के सीमांकन सहित मुंडेर बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे एक ओर जहां तालाबों के अतिक्रमण पर रोक लगी है वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण और संवर्धन में भी मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त जिले में छोटे नदी, तालाब, बावड़ियों को भी पुनर्जीवित करने अभियान चलाया जा रहा है। छोटे चेक डेम्स, स्टॉप डेम बनाने के भी कार्य किए जा रहे हैं।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि जिले में कई जगह अवैध शराब से संबंधित कारवाई की भी आवश्यकता है। आबकारी विभाग द्वारा पुलिस के सहयोग से ऐसी अवैध विक्रय पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के अंतर्गत घरेलू नल कनेक्शन, डाली गई पाइपलाइन और छूटे हुए घरों को योजना में शामिल करने संबंधी समीक्षा भी की गई। जल संसाधन विभाग के तहत विभिन्न बहुउद्देशीय परियोजनाओं, उनकी भौतिक प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत बीना सिंचाई परियोजना, बंडा बृहद परियोजना, हनोता , पंचमनगर, कड़ान परियोजना, सजली, कैथ, जेरा मध्यम परियोजना के अंतर्गत प्रगति लाने एवं शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े , दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, हरिराम सिंह, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, डीएफओ महेंद्र प्रताप सिंह, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, एडीएम रूपेश उपाध्याय सहित दिशा समिति के सदस्य, सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## सागर में हिंदू लड़की को भगा ले जाने वाले युवक के अवैध दुकान और मकान पर चला बुलडोजर

सागर। सागर जिले के ग्राम सानौधा में पिछले दिनों हिंदू लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपित के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को राजस्व विभाग का अमला दलबल के साथ पहुंचा और सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। सानौधा पुलिस और परसोरिया नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम बुलडोजर के साथ अतिक्रमण हटा रही है। मौके पर जिला प्रशासन सहित राजस्व विभाग के अधिकारी और भारी पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है।

दरअसल, ग्राम सानौधा में वर्ग विशेष का युवक अनस अली एक हिंदू युवती को अपने साथ भगाकर ले गया था। घटनाक्रम सामने आने के बाद 19 अप्रैल को गुस्साई भीड़ ने गांव में उपद्रव किया था। आरोपित युवक के घर और दुकान में तोड़फोड़ कर आग लगाई थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पथराव किया गया। मामले में पुलिस ने करीब 150 लोगों पर उपद्रव समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। वहीं प्रकरण में युवती को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजन को सौंपा गया है। आरोपित अनस अली के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उपद्रव का मामला सामने आने के बाद आरोपित अनस अली के परिवार पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया था।

आरोपों के बाद प्रशासन की टीम ने गांव में सरकारी की नपती की थी। नपती करने पर आरोपी की दुकानें और कुछ मकान अतिक्रमण कर बनाए जाने की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद मंगलवार को प्रशासन की टीम अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने गांव पहुंची है। सड़क किनारे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखे गए टीन के टपरों को तोड़ा गया।

## भगवान परशुराम के नाम पर बनने वाले भवन का हुआ भूमिपूजन



सागर। सागर में विप्र कुलगुरू भगवान परशुराम जी के नाम पर भव्य एवं आधुनिक संसाधनो से सुसज्जित भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में श्री श्री 108 महंत श्री किशोर दास जी महाराज, महंत श्री घनश्याम दास जी महाराज, महंत श्री किशोर गिरि जी महाराज, कथावाचक श्री ब्रजेश जी महाराज, सागर विधायक श्री शैलेन्द्र जैन के साथ सहभागिता की। इस गरिमामय कार्यक्रम में सागर महापौर संगीता सुशील तिवारी, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, संतोष पाण्डेय, राम अवतार पाण्डेय, त्रिलोकी कटारे, अरुणोदय चौबे, अजय तिवारी, गोलू रिछारिया, भरत तिवारी आदि मौजूद थे।

## बम्होरी हुडा सरपंच पर कूटरचित दस्तावेज से जमीन हड़पने का लगा आरोप



**मालथौन।** बम्होरी हुडा की सरपंच पर गंभीर आरोप लगे हैं। गांव के ही शंकर लाल दांगी ने बांदरी थाना में एक आवेदन देकर सरपंच पर उनके स्वर्गीय भाई निजाम लोधी का फर्जी आधार कार्ड बनाकर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। शंकर लाल दांगी ने अपने आवेदन में बताया है कि उनके भाई निजाम लोधी की कुछ समय पूर्व एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि सरपंच बबीता ने निजाम लोधी के नाम का कूटरचित आधार कार्ड तैयार कर तहसील के अधिकारियों से मिलीभगत कर उनके हिस्से की जमीन को अपने नाम करवा लिया है। उनका कहना है कि तहसीलदार ने बिना पटवारी की रिपोर्ट और मौका मुआयना किए ही जमीन का नामांतरण सरपंच बबीता के नाम कर दिया, जिससे उन्हें न्याय नहीं मिल सका। मृतक निजाम लोधी के परिजन सरपंच के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। शंकर लाल दांगी ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर सरपंच बबीता और इसमें शामिल अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। बांदरी थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें इस संबंध में एक आवेदन प्राप्त हुआ है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल को तत्काल चिन्हित कर बंद कराएं : कलेक्टर

**सागर**

कुएं आदि पर पास मुंडेर बनाएं एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल को तत्काल चिन्हित कर बंद कराएं। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री संदीप जी.आर. ने दिए हैं। उन्होंने समस्त एसडीएम, सीएमओ, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आवश्यक जांच कर कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने कुएं आदि पर पास मुंडेर बनाने ,खुले नलकूप/बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने एवं अन्य प्रकार से होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिए कि भूमिगत स्त्रोतों से जल प्राप्त करने हेतु नलकूपों का खनन कार्य विभिन्न प्रयोजनों जैसे सिंचाई, पेयजल एवं औद्योगिक कार्यों हेतु किया जाता है। नलकूप खनन के कार्य में जिन नलकूपों में जल आवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है या कम प्राप्त होती है, उन नलकूपों में से कतिपय नलकूपों को संबंधित खनन एजेंसी, ठेकेदार या अन्य व्यक्तियों द्वारा सुरक्षित किए बिना ही खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण इन नलकूपों में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं / जनहानि होने के समाचार प्राप्त होते हैं। ऐसे सभी स्थानों चिन्हित कर नलकूपों, बोर को तत्काल बंद कराएं।

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने समस्त जिले वासियों से भी अपील की है कि जहां भी खुले बोरवेल हों उसकी सूचना संबंधित थाने या राजस्व अधिकारियों को तत्काल दें।

नगरीय निकायों, जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों से संबंधित जन प्रतिनिधियों एवं अभियंताओं तथा अन्य शासकीय अमले को नलकूप खनन के पश्चात उसकी सुरक्षा एवं नलकूप के खुले होने की स्थिति में सुरक्षात्मक कार्यवाही के संबंध में समुचित प्रशिक्षण दिया जाए एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में इस संबंध में पर्याप्त प्रचार प्रसार भी किया जाए। ग्राम सभाओं तथा नगरीय निकायों की बैठकों में भी इसका प्रचार प्रसार किया जाए।

## चकराघाट स्थित विट्ठल मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के यजमानों ने की गंगा आरती में पूजा -अर्चना

**सागर**

**नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी सह कार्यकारी निदेशक श्री राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने व स्वच्छता के प्रति जन-जागरुकता लाने के उद्देश्य से अगस्त माह से प्रत्येक सोमवार को लगातार की जा रही गंगा आरती में विभिन्न वार्डों के नागरिकजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं ।**



चकराघाट मंदिरों एवं गंगा आरती के आयोजन से सागर नगर का सबसे बड़ा धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम का केंद्र बन गया है। स्मार्ट सिटी सह कार्यकारी निदेशक एवं नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में किए गये सौन्दर्यीकरण के कार्य एवं नवग्रह मंडपम के कारण चकराघाट आने वाले नागरिकों के आकर्षण का धार्मिक केंद्र बन गया है इसलिए गंगा आरती के अवसर पर श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही गंगा आरती के अवसर पर नगर की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है जो अपनी संस्कृति एवं कला का प्रदर्शन कर रहे हैं ।

चकराघाट स्थित विट्ठल मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के यजमानों ने गंगा आरती में शामिल होकर पूजा- अर्चना कर गंगा आरती में मुख्य यजमान बनकर गंगा आरती में भाग लेकर पूजा - अर्चना कर धर्म लाभ लिया।

गंगा आरती में शहर के जो भी सम्माननीय नागरिकजन यजमान बनना चाहते हैं वे गंगा आरती के आधा घंटा पहले आरती स्थल चकराघाट पर संपर्क कर मुख्य यजमान बन सकते हैं।